फर्द अहकाम

न्यायालय सहायक कलक्टर (SDO) मावली, उदयपुर

प्रार्थी : श्री रामलाल | **विपक्षी : श्री नारायणलाल**

किस्म मुकदमा – 212 रा.का. अधिनियम | **पत्रावली संख्या : 109/24**

जीसीएमएस : 2024/399

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक : 03.01.2025 पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता उभय पक्षकारान उपस्थित। अधिवक्ता विपक्षी संख्या 1 से 4 द्वारा जवाब पेश किया। शामिल फाईल रहे। अधिवक्ता उभय पक्षकारान की बहस सुनी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। अधिवक्ता उभय पक्षकारान की बहस पर मनन किया। हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे है कि मौजा डबोक पटवार हल्का डबोक तहसील मावली जिला उदयपुर राज0 की जमाबंदी संवत 2077–80 के खाता संख्या 967 पर दर्ज आराजी नम्बर 2421, 2422, 3667/2420, 4244/2423 किता 4 कुल रकबा 0.6395 हैक्टेयर भूमि प्रार्थी एवं विपक्षी संख्या 1 से 4 के नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज हैं। चूंकि मूल वाद में प्रारम्भिक डिक्री जारी कर बंटवाडा किये जाने के आदेश दिये जा चुके हैं। राजस्थान काश्तकारी अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार सहखातेदारी की भूमि पर कोई भी सहखातेदार किसी विशेष भू भाग पर निर्माण नहीं कर सकता है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर मूल वाद में अंतिम डिक्री जारी होने तक प्रार्थी तथा विपक्षी संख्या 1 से 4 को मौके पर निर्माण नही करने हेतु पाबंद किया जाना उचित प्रतीत होता हैं। **–: आदेश :–** परिणामस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम का आंशिक स्वीकार कर मूल वाद के निस्तारण तक प्रार्थी व विपक्षी संख्या 1 से 4 के विरूद्व इस आशय की अस्थाई निषेधाज्ञा जारी की जाती है कि मौजा डबोक पटवार हल्का डबोक तहसील मावली जिला उदयपुर राज0 की जमाबंदी संवत 2077–80 के खाता संख्या 967 पर दर्ज आराजी नम्बर 2421, 2422, 3667/2420, 4244/2423 किता 4 कुल रकबा 0.6395 हैक्टेयर भूमि पर कोई नया निर्माण कार्य नही करें। अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद रहे। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय खुले न्यायालय सुनाया गया। **(रमेश सीरवी पुनाडिया R.A.S.)** **सहायक कलक्टर** **(SDO) मावली**	

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2025.01.31 12:48:38 IST
Reason: SelfAttested